Publication	Amar Ujala	Language	Hindi
Edition	New Delhi	Journalist	Bureau
Date	08/12/2023	Page no	17
CCM	84.80		

Center extends its hand to save Michong from devastation, Rs 1,500 crore help

मिचौंग की तबाही से बचाने के लिए केंद्र ने बढ़ाया हाथ...1,500 करोड़ की मदद

शाह बोले-पीड़ितों को जल्द उबार लेंगे, 561 करोड़ का पहला शहरी बाढ़ राहत प्रोजेक्ट मंजूर

नई दिल्ली/चेन्नई। मिचौंग तूफान की तबाही से जूझ रहे तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश की मदद के लिए केंद्र सरकार ने हाथ बढ़ाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय आपदा राहत कोष (एनडीएमएफ) के तहत चेन्नई के लिए 561.29 करोड़ रुपये की लागत से पहला शहरी बाढ़ राहत प्रोजेक्ट मंजूर किया है। इस प्रोजेक्ट से चेन्नई को बाढ़ प्रतिरोधी बनाने में मदद मिलेगी। इसके अलावा राज्य आपदा मोचन निधि की दूसरी किस्त के रूप में तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश के लिए करीब एक हजार करोड़ रुपये की मदद दी गई है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि तूफान से पीड़ितों की मदद में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। जल्द ही स्थिति सामान्य होगी।

शाह ने सोशल मीडिया पोस्ट पर कहा कि चेन्नई शहर भीषण बाढ़ का सामना कर रहा है और ये पिछले 8 वर्षों में तीसरी इस प्रकार की बाढ़ है। मेट्रो शहरों में अधिक वर्षा के कारण अचानक आने वाली बाढ़ की अधिक घटनाएं देखने को मिल रही हैं। पीएम मोदी ने प्रो-एक्टिव अप्रोच के तहत एनडीएमएफ के तहत चेन्नई के लिए 561.29 करोड़ रुपये की लागत से पहला शहरी बाढ़ राहत प्रोजेक्ट मंजूर किया है। इस 'चेन्नई बेसिन परियोजना के लिए एकीकृत शहरी बाढ़ प्रबंधन गतिविधियां' की राशि में 500 करोड़ रुपये की केंद्रीय सहायता शामिल है। इस प्रोजेक्ट से चेन्नई को बाढ़-प्रतिरोधी बनाने में मदद मिलेगी और शहरी बाढ़ प्रबंधन के लिए एक विस्तृत फ्रेमवर्क विकसित करने में मदद करने के लिए ये शहरी बाढ़ से राहत के प्रयासों की कड़ी में पहला कदम है। एजेंसी

चेन्नई में बाढ़ में घिरे परिवार को राहत पहुंचाती एनडीआरएफ की टीम। एजेंसी

हालात जल्द सामान्य होंगे, हर मदद करेंगे

चक्रवाती तूफान ने तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश को प्रभावित किया है। फसलें भी प्रभावित हुई हैं। केंद्र सरकार इस मुश्किल वक्त में दोनों राज्यों के लोगों के साथ खड़ी है और जल्द से जल्द स्थिति को सामान्य करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। -अमित शाह, केंद्रीय गृह मंत्री

जनजीवन अब भी अस्त-व्यस्त, स्कूल-कॉलेज बंद

चक्रवात मिचौंग के कारण हुई मूसलाधार बारिश से चेन्नई शहर के कई इलाकों और तिरुवल्लूर, कांचीपुरम, डिंडीगुल और चेंगलपेट में अभी भी बाढ़ जैसे हालात हैं। इससे इलाकों में जनजीवन अस्त-व्यस्त है। इसके चलते यहां स्कूल-कॉलेज बृहस्पतिवार को भी बंद रहे। मौसम में सुधार को देखते हुए चेन्नई सेंट्रल (एमएमसी) स्टेशन से ईएमयू ट्रेन सेवा शुरू की गई। हालांकि कई इलाकों में अभी भी परिवहन सेवाएं ठप पड़ी हैं।

Internal (for authorised circulation only)

Downloaded from SAMVAD